राज एक्सप्रेस / 04 / 24/02/2021

# निगम की लेतलाली से नागरिक परेशान जगह-जगह फूट रही पाइप लाइन

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत रतलाम को अव्वल लाने हेतु रतलाम नगर निगम लोगों को सीख तो बहुत दे रहा है लेकिन नगर निगम खुद इस पर अमल करता दिखाई नहीं दे रहा है। यहां तक की लोगों की शिकायतों को भी एकतरफा नजरअंदाज किया जा रहा जिससे चलते समस्या हल होने के बजाय और ज्यादा बढ़ती जा रही है। उक्त आरोप कांग्रेस के युवा नेता एवं पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी ने लगाते हुए कहा कि सीवरेज का काम करने वाली कंपनी द्वारा अपनी मनमर्जी से काम किया जा रहा है जिसके चलते शहर की जनता को बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हरदेवलाला पिपली क्षेत्र में सीवरेज लाइन वालों ने जलप्रदाय की लाइन को क्षतिग्रस्त कर दी है। जिसके कारण दो दिनों से लोगों को जलप्रदाय नहीं होने से पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नगर निगम के अधिकारी ऐसी कुंभकर्णीय नींद में सोये है कि हिम्मनत नगर में पाइप लाइन को फूटे 20 दिन से ज्यादा समय हो चुका है। निगम में शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे पीने का पानी व्यर्थ बह रहा है। मंसूरी ने कहा कि पानी का मौल जनता तो अच्छे से समझ रही है और व्यर्थ ना बहे इसके लिए नगर नगर को शिकायत भी कर रही है, लेकिन निगम पानी का मौल नहीं जान रही है। शहर में जगह-जगह पानी लाइन टूट-फूट रही है और पानी बह रहा है।

निगम इतना लापरवाह बना हुआ हैं कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं को तो सीधे रद्दी की टोकरी में डाल रहा है। मंसूरी ने कहा कि रतलाम के पीएनटी कॉलोनी लक्ष्मणपुरा मुख्य मार्ग पर भी पिछले चार पांच दिनों से सीवरेज का काम चल रहा है। लाइन डालने वाली कंपनी ने मुख्यमार्ग पर काम करने के लिए रास्ता भी बंद कर दिया और काम भी कछुआ चाल से कर रहा है जिसके चलते नागरिक इतने ज्यादा परेशान हो रहे है कि उन्हें इधर-उधर भटक कर लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है।

मंसूरी ने विधायक से मांग की है कि शहर की सेहत सुधारने के लिए नगर निगम आयुक्त को लोगों की शिकायतों पर ध्यान देने तथा सीवरेज कंपनी के जवाबदारों को काम ठीक से और तीव्रगति से पूरा करने के लिए निर्देशित करें जिससे शहर की जनता को राहत मिल सकें । मंसूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की जनता की समस्याओं पर ध्यान देकर समस्याओं का निराकरण नहीं गया तो तो कांग्रेस द्वारा जनता के साथ मिलकर जनआंदोलन किया जाएगा जिसकी जवाबदारी निगम प्रशासन की होगी।

स्वदेश /09/24/02/2021

# प्रधानमंत्री आवास योजना में 56,368 मकानों के निर्माण को मिली मंजूरी

नई दिल्ली ● 23 फरवरी (ए) केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 56 हजार 368 मकानों के निर्माण को मंजूरी दी है।



इसके साथ ही इस योजना के तहत अभी तक 43 लाख मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है और 73 लाख निर्माणधीन हैं। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मंत्रालय में सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में कल देर शाम केंद्रीय मंजूरी एवं निगरानी समिति की 53वीं बैठक आयोजित की गई, जिसमें 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 56 हजार 368 मकानों के निर्माण को मंजूरी दी गई। बैठक में श्री मिश्र ने योजना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ मिले। उन्होंने योजना की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाने पर जोर दिया और कहा कि मकानों के निर्माण में आधुनिक तकनीक अपनाई जानी चाहिए। स्वदेश-

इन्दौर समाचार / 05 / 23/02/2021

# गुलमोहर कालोनी को मिला सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड

## निगम आयुक्त झारिया ने कालोनी समिति को शील्ड प्रदान की

रतलाम। स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष थीम के तहत गुलमोहर कालोनी में आयोजित 'गंदगी पर प्रहार हम है तैयार' कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड कालोनी समिति को प्रदान किया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन में कचरे को रक्त बीज बताते हुए कहा कि कचरा जमीन पर गिरा तो यह रक्त बीज का रूप लेकर चारो ओर गंदगी फैलायेगा। इसलिये सभी को यह प्रयास करना चाहिये कि कचरा जमीन पर ना आये जब कचरा जमीन पर आयेगा ही नही तो गंदगी होगी ही नही।

उन्होंने गुलमोहर कालोनीवासियों की तारिफ करते हुए कहा कि जिस तरह गुलमोहर कालोनी के रहवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक है उसी तरह रतलाम का प्रत्येक नागरिक जागरूक हो जाये तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई रोक नहीं सकता। इस अवसर पर उन्होंने कालोनीवासियों से आव्हान किया



कि वे अपने घरो से निकलने वाले गीले कचरे से जैविक खाद बनाये व अपने उद्यान को हरा-भरा रखें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने उपस्थित रहवासियों को स्वच्छता को लेकर नगर निगम के प्रयासों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक ना तो खुद गंदगी करे और ना ही दूसरे को करने दे। हमें स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम शहर को हर हाल में नम्बर-वन बनाना है। इस अवसर पर कालोनीवासियों की मांग पर कालोनी की एप्रोच रोड निर्माण, उद्यान विकसित करना व नाले की सफाई हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने आश्वस्त किया।


आयोजित कार्यक्रम में गुलमोहर कालोनी समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी ने कहा कि इस कालोनी के रख रखाव और इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि पूरी कालोनी में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है साथ ही सफाई और पानी की भी व्यवस्था है। सुरक्षा के लिए यहां सुरक्षाकर्मी भी तैनात है। उन्होंने कहा कि यहां के सभी रहवासी स्वच्छता को लेकर पूरी तरह जागरूक भी है।

उद्बोधन पश्चात गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने देते हुए समिति अध्यक्ष बलवंत भाटी, सचिव अशोक दुबे, उपाध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष संजय कोचर, सहसचिव रविशंकर गुप्ता, कालोनी के पूर्व अध्यक्ष बी.एल. पुरोहित, पूर्व सह सचिव राज किशोर गुप्ता व रहवासियों को शील्ड प्रदान की।

इस अवसर पर स्वच्छता सलाहकार प्रतीक मिश्रा, निगम अधिकारी एम.के. जैन, ए.पी. सिंह, शैलेन्द्र गोठवाल, नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के फिरोज परवेज, राहुल सिंह राठौर, स्वागत मेहता, चेतन परिहार सहित कालोनीवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक दुबे ने किया व आभार राजेश माहेश्वरी ने माना। इन्दौर 23

प्रसारण / 10 / 24/02/2021

# कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत दूसरा डोज़ लगना प्रारंभ



रतलाम। जिले में सोमवार को कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी खुराक इंजेक्शन के रूप में दी जाना शुरु कर दी गई है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डॉ. अजहर अली, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, लेखापाल नवीन नागर, स्टाफ नर्स तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने कोविड-19 टिका लगवाया। टीकाकरण के दौरान कुल 144 अधिकारी, कर्मचारियों को बाल चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में दूसरा टीका लगाया गया, वहीं रतलाम शहर के पुराना कलेक्टरेट और रेलवे हॉस्पिटल में नए फंटलाइन वर्कर को पहला टीका लगाया गया।

पहला टीका लगवाए गए कुल कर्मचारियों की संख्या 102 रही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ननावरे ने टीकाकरण के बाद भी नियमित रूप से मास्क लगाने अपने हाथ धोने और 2 गज की दूरी का पालन करने की सलाह दी है। प्रसारण।

# कोविड-वैक्सीनेशन में छूटे कर्मियों का शीघ्र वैक्सीनेशन कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए

रतलाम। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कोविड-वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा एक बैठक में की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग के जो भी कर्मी टीकाकरण से छूटे हुए है, उनको वैक्सीनेशन सेंटर पर लाया जाकर टीका लगवाया जाए।

आलोट क्षेत्र की जानकारी में बताया गया कि अधिकांश राजस्वकर्मियों द्वारा टीका लगवा लिया गया है। कोटवारों का टीकाकरण बाकी है। रतलाम शहर तथा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के 251 राजस्वकर्मियों को टीका नहीं लगा है। जावरा में भी नगरपालिका तथा राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों का टीकाकरण नहीं हुआ है। बाजना क्षेत्र में भी शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। प्रसारण।

# कोरोना के संदर्भ में जिला टास्क फ़ोर्स समिति की बैठक संपन्न

रतलाम। कोविड 19 के संदर्भ में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील आदि उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि सभी विकासखंडों में कोरोना वैक्सीनेशन लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रथम चरण में हेल्थ केयर वर्कर्स का टीकाकरण तथा द्वितीय चरण में फ्रंटलाइन वर्कर्स का टीकाकरण किया गया। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा भी कोरोना का टीका लगवाया गया है।

बताया कि जनपद पंचायतों के 81 प्रतिशत कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिले में कहीं भी कोरोना टीके का प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आया है। टीकाकरण करवाने वाले सभी कर्मी स्वस्थ हैं।

# कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रतलाम। जिले में शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को खाद्यान्न मुहैया कराने के लिए पात्रता पर्चियां उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि अधिनस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आदेश का पालन नहीं करते है तो उन्हें दंडित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सिद्दीक हुसैन चौधरी को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, परियोजना अधिकारी डूडा निशिकांत शुक्ला, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी दीपक गुप्ता, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एच.के. मालवीय आदि जिला अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन भी समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से प्रति सप्ताह उपस्थित रहे क्योंकि जिला चिकित्सालय की शिकायतों में वृद्धि हो रही है। आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दृष्टिगत कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी उपसंचालक कृषि, जिला मार्केटिंग अधिकारी तथा डीआरसीएस को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष गेहूं की आवक, इस वर्ष गेहूं की आवक, मंडियों के भाव के तुलनात्मक पत्र तैयार कर आवश्यक जानकारी मुहैया कराए ताकि उपार्जन की व्यवस्थित ढंग से तैयारी की जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में बताएगा कि नगर निगम की आवारा कुत्तों की शिकायतों में कमी आई है, पूर्व में 29 शिकायतें थी जो अब घटकर 16 रह गई है। सीमांकन के लिए शिकायतों में वृद्धि हुई है।

# डिजिटल इंडिया के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने के कलेक्टर द्वारा निर्देश

रतलाम। डिजिटल इंडिया के तहत ई ऑफिस अवधारणा के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा एनआईसी अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान को निर्देशित किया गया है कि वह अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए एक बार पुनः प्रशिक्षण आयोजित करें ताकि अधिकारी, कर्मचारी अपनी कमियों को दुरुस्त कर सकें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया के तहत ई ऑफिस प्रणाली में लगभग सभी कार्य डिजिटल रूप से होंगे। इसमें ई फाइलिंग, ई लिव, ई टूर, लेटर स्टोरेज इत्यादि माड्यूल रहेंगे।

# निर्वाचन सूचना प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण 25 फरवरी को

रतलाम। आगामी नगरीय निकायों पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में निर्वाचन सूचना प्रबंधन हेतु आईटी प्रभारियों तथा आईटी सहायकों का प्रशिक्षण नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किए गए हैं।

# निर्वाचन सूचना प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कल

रतलाम। आगामी नगरीय निकायों पंचायत निर्वाचन के संदर्भ में निर्वाचन सूचना प्रबंधन हेतु आईटी प्रभारियों तथा आईटी सहायकों का प्रशिक्षण नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी किए गए हैं।

स्वतंत्र ऐलान / 07 / 23/02/2021

# स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अव्वल

## · सिटीजन फीडबैक तय करेगा रतलाम श

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर श्री जी.के. जायसवाल, श्री सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, उपयंत्री श्री अनवर कुरेशी, श्री राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते हैं वे दुकाने दंड के रूप में बंद की ज कि रतलाम को अग्रणी स्थान लगाने के लिए

कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लग संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे हैं लगभ बाहर फेंका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाये जाएं

कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर अ बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए। इसके लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाह समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके सा सभी वाहनों पर लगा दिए गए हैं, अतः जीपीएस से

---

शूटिंग होने से पता चलता है कि धीरे-धीरे घाट हो रहा है। पाक में बैठे आकाओं के इशारे पर घ बोने वाले राजनेताओं की अब चल नहीं पा र चुनावों में जनता ने जिस उत्साह से चुनाव प्रक्रि घाटी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जीवंत होने सुखद यह है कि राज्य के मुख्य राजनीतिक गठबंधन बनाकर इन चुनावों में भागीदारी की। ने राज्य में हुए बदलाव पर मोहर लगा दी है। ि की सुनियोजित कार्रवाई की सफलता ही व कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक होने की अव है।

बहरहाल, यह अच्छी पहल रही कि विदेश का दौरा कराया गया। बजाय वे भ्रामक स्रोतों उन्होंने स्वयं कश्मीर की स्थिति को करीब से में यूरोप, अफ्रीका, एशिया और दक्षिणी अ शामिल थे। हालांकि, इससे पहले यूरोपीय र भी घाटी का दौरा कर चुका है। प्रतिनिधि

---

# स्वच्छता में रतलाम नम्बर-1 आए, यही हमारा प्रयास रहे

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम



जिस तरह हम शारीरिक मजबूती, खुद को फिट रखने के लिए या खेल स्पर्धाओं में अव्वल आने के लिए खेल भावना के साथ खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं। ऐसे ही हमें अपने घर, आसपास, खेल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए। हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में हिस्सा ले रहा है। हम सभी को प्रयास करना चाहिए कि रतलाम स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 रहे। उक्त विचार रविवार को नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम में आशुतोष क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी और खेल प्रशिक्षक अनुज शर्मा ने व्यक्त किए। शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ रतलाम का निर्माण करना है।

**पहले श्रमदान फिर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया :** नेहरू स्टेडियम में चल रहे खेल शिविर में शामिल खिलाड़ियों के साथ ग्राउण्ड में अन्य खिलाड़ियों ने पहले सफाई की। इसके बाद 400 मीटर दौड़, स्वच्छता जागरूकता रैली और सूर्य नमस्कार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया, जिनमें मोहित तंवर, अनुज सांखला, कार्तिक पोरवाल, सुनील, साई खण्डेलवाल, अक्ष शर्मा, भूपेन्द्रसिंह आदि को सम्मान के रुप में शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए गए। रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक-स्थलों पर पर रंगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।

दबंग 23

नईदुनिया / 08/ 24/02/2021

स्वच्छ और सुंदर रतलाम बनाने का संकल्प

# खेल की तरह ही मन में स्वच्छता भावना हो

रतलाम। जिस तरह हम शारीरिक मजबूती, खुद को फिट रखने के लिए या खेल स्पर्धाओं में अव्वल आने के लिए खेल भावना के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते है ऐसे ही हमे अपने घर, आसपास, खेल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए। हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में हिस्सा ले रहा है। हम सभी को प्रयास करना चाहिए कि रतलाम स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 रहे।

उक्त विचार रविवार को स्थानीय नेहरु स्टेडियम में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशुतोष क्रिकेट क्लब के पदाधिकारी और खेल प्रशिक्षक अनुज शर्मा ने युवा खिलाड़ियों की उपस्थिति में व्यक्त किए। श्री सोलंकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ रतलाम का निर्माण करना है।

**पहले श्रमदान फिर स्पर्धाओं में हिस्सा लिया**-नेहरु स्टेडियम में चल रहे विशेष खेल शिविर में शामिल खिलाड़ियों के साथ ही ग्राउण्ड में मौजूद अन्य खिलाड़ियों ने पहले पूरे मैदान में श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य किया। इसके बाद 400 मीटर दौड़, स्वच्छता जागरुकता रैली और सूर्य नमस्कार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

**स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए**-स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरुकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें मोहित तंवर, अनुज सांखला, कार्तिक पोरवाल, सुनील, साई खण्डेलवाल, अक्ष शर्मा, भूपेन्द्रसिंह आदि को सम्मान के रुप में शील्ड व प्रमाणपत्र भेंट किए गए।

**रांगोली निर्माण भी जारी**-स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

# रोटरी स्थापना दिवस पर मास्क वितरित



रोटरी गार्डन में स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गादिया। • नईदुनिया

नईदुनिया

रतलाम। रोटरी क्लब रतलाम सेंट्रल द्वारा रोटरी के 116वें स्थापना दिवस पर रोटरी गार्डन में स्वच्छता की शपथ दिलाकर मास्क का वितरण किया गया। शपथ पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गादिया ने दिलवाई। रोटरी सेंट्रल अध्यक्ष मनीष तलेरा, सचिव रोहित रुनवाल ने नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को नंबर वन रैंक दिलाने का आह्वान किया। पूर्व अध्यक्ष यशवंत पावेचा, राजेंद्र गादिया, उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीमा[...] श्याम विधुरकर, अश्विनी शर्मा, [...] जैन, अभय मेहता, बीएल मेहता [...] उपस्थित थे। सुरेश यादव ने स्वच्छता [...] रचना प्रस्तुत की।

# 'संगीत महाविद्यालय में बच्चों ने रंगों से दिया स्वच्छता का संदेश'

रतलाम। शहर के काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संगीत महाविद्यालय में बच्चों ने पेंटिंग, स्लोगन आदि स्पर्धाओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प भी लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के गोविंद काकानी, सहायक यंत्री एमके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, शैलेंद्र गोठवाल, जोन प्रभारी किरण चौहान, संगीत विद्यालय प्राचार्य रेखा गंधे, कोषाध्यक्ष सुनील लाठी, अरविंद मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। सरस्वती वंदना छात्रा वंशिका ने प्रस्तुत की। झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण -2021 से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा नागरिकों की थोड़ी-सी जागरूकता और समझदारी रतलाम शहर को स्वच्छता की दौड़ में नंबर वन बना सकती है। झारिया उपस्थित विद्यार्थियों से स्वच्छता से जुड़े सवाल भी पूछे। जिसका बच्चों ने सही जवाब दिया।

बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित स्लोगन और आकर्षक पेंटिंग भी प्रस्तुत की। प्रतियोगिताओं में सफल रहे अथर्व सोलंकी, वंदना शर्मा, प्रदीप सेन, दुर्गेश्वरी पंवार वंशिका उपाध्याय, राजकुमार यादव, काजल मालपानी आदि को अतिथियों ने नगर निगम की ओर से प्रमाण पत्र और काकानी वेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से बालपेन वितरित किए। संचालन सुभाष चितले ने किया। आभार स्कूल प्राचार्य रेखा गंधे ने माना।

# रंगों से दिया स्वच्छता का संदेश, बच्चे बोले स्वच्छ बनाएंगे रतलाम

रतलाम। शहर के काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के संगीत महाविद्यालय में रविवार को स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार की विशेष थीम गंदगी पर प्रहार- हम है तैयार कार्यक्रम हुआ जिसमे स्कूली बच्चो ने पेंटिग, स्लोगन आदि स्पर्धाओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास करेंगे।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व पार्षद काकानी सोश्यल वेलफेर फाउंडेशन के गोविंद काकानी, सहायक यंत्री एम.के. जैन, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, शैलेन्द्र गोठवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, संगीत विद्यालय प्राचार्य रेखा गंधे, कोषाध्यक्ष सुनील लाठी, अरविन्द मिश्रा, त्रिवेदी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मां. सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। सरस्वती वंदना छात्रा वंशिका ने प्रस्तुत की।

इन्दोर समाचार / 06 / 23/02/2021

# स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां

## - सिटीजन फीडबैक तय करेगा रतलाम शहर स्वच्छ, सुंदर है अथवा नहीं



रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इसे लेकर एक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, परियोजना अधिकारी शहरी विकास निशिकांत शुक्ला, सिटी इंजीनियर जी.के. जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, उपायुक्त विकास सोलंकी, उपयंत्री अनवर कुरेशी, राजेश कुमावत, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह तथा निगम के अन्य अधिकारी इंजीनियर उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को अग्रणी स्थान मिले, इसका निर्णय सिटीजन फीडबैक करेगा। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि रतलाम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हरसंभव सहयोग करें। कलेक्टर ने सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार अपना कचरा बाहर फेंकते है वे दुकाने दंड के रूप में बंद की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम को अग्रणी स्थान

## - बाहर कचरा फेंकने पर दुकान बंद की जाएंगी
## - कलेक्टर ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

लगाने के लिए जी-जान से कार्य करें। कलेक्टर द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों की समीक्षा की गई। बताया गया कि अभी लगभग 51 वाहन कचरा संग्रहण का कार्य डोर-टू-डोर जाकर कर रहे हैं। पाया गया है कि प्रत्येक मोहल्ले में वाहन नहीं जा पा रहे है लगभग 10 प्रतिशत कचरा बाहर फेका जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वाहनों की संख्या कम होने पर वाहनों के वार्डवार फेरे बढ़ाये जाएं। कचरा संग्रहण करके ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाने की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो भी वाहन ड्राइवर अपने कार्य में कोताही बरतता है उसको सेवा से हटा दिया जाए। इसके साथ ही वाहनों की लागबुक चेक की जाए, इससे पता चलेगा कि वाहन कब-कब, किस समय ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचा अथवा नहीं। इसके साथ ही जीपीएस भी सभी वाहनों पर लगा दिए गए है, अतः जीपीएस से भी मानिटरिंग की जाए। इसके लिए वार्डों के क्लस्टर बनाकर कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्त किए जाएं जो जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करेंगे। बताया गया कि यदि वाहन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठीक से नहीं करते हैं तो शहर को अच्छी रैंक प्राप्त नहीं हो सकेगी। दुकानदारों द्वारा दुकान का कचरा डस्टबिन में संग्रहित करना सुनिश्चित किया जाए। डस्टबिन से निगम के वाहन में कचरा डाला जाएगा, ऐसा नहीं करने वाले दुकानदारों की दुकाने बंद की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर को सुंदर स्वरूप दिया जाए इसके लिए समर्पित टीम कार्य करें। विभिन्न स्थानों पर रंगोली, पेंटिंग इत्यादि से सुंदरता में निखार लाया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण के एक महत्वपूर्ण मानक गीला कचरा, सूखा कचरा को पृथक-पृथक करके उनके निष्पादन प्रक्रिया की भी समीक्षा कलेक्टर द्वारा की गई। बैठक में कंसल्टेंट हिमांशु शुक्ला द्वारा शहर को अग्रणी स्थान दिलाने के लिए स्वच्छता के मानकों की जानकारी दी गई।

इन्दोर 22-23

# गुलमोहर कालोनी को मिला सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड

रतलाम। स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष थीम के तहत गुलमोहर कालोनी में आयोजित 'गंदगी पर प्रहार हम है तैयार' कार्यक्रम में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुलमोहर कालोनी को रतलाम नगर की सबसे स्वच्छ कालोनी का अवार्ड कालोनी समिति को प्रदान किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आयोजित कार्यक्रम में अपना उद्बोधन में कचरे को रक्त बीज बताते हुए कहा कि कचरा जमीन पर गिरा तो यह रक्त बीज का रूप लेकर चारो और गंदगी फैलायेगा। इसलिये सभी को यह प्रयास करना चाहिये कि कचरा जमीन पर ना आये जब कचरा जमीन पर आयेगा ही नही तो गंदगी होगी ही नही। उन्होने गुलमोहर कालोनीवासियों की तारिफ करते हुए कहा कि जिस तरह गुलमोहर कालोनी के रहवासी स्वच्छता के प्रति जागरूक है उसी तरह रतलाम का प्रत्येक नागरिक जागरूक हो जाये तो रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने से कोई रोक नही सकता। इस अवसर पर उन्होंने कालोनीवासियों से आव्हान किया। सिंधम

पत्रिका / 03 / 24/02/2021

# निगम ने हटाया अतिक्रमण



रतलाम. नगर निगम के सामने बने गांधी उद्यान में वर्षों से अतिक्रमण कर रखी गुमटियो को नगर निगम ने मंगलवार को हटाया। मुख्य रूप से निगम के सामने गांधी उद्यान की बाउंड्रीवाल के सहारे से चश्में वालों की दुकान लग जाती है, जिसकी वजह से यातायात बाधित होता है, उस सहि बगीचे में पड़ी बन्द घुमटियां हटाई गई। पत्रिका

# दो सफाई कर्मचारी सेवा से बर्खास्त व एक निलंबित

रतलाम। महू रोड बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान गंदगी पाए जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 2 अस्थाई सफाई संरक्षकों को सेवा से बर्खास्त किए जाने के साथ ही स्थाई सफाई संरक्षक को निलंबित किया गया।

निगम आयुक्त झारिया द्वारा महू रोड बस स्टैण्ड के निरीक्षण के दौरान वहां पर पर्याप्त सफाई नहीं होने व गंदगी पाए जाने पर अस्थाई सफाई संरक्षक शिवशंकर पिता अर्जुन व लोकेश को सेवा से बर्खास्त किया गया व स्थाई सफाई संरक्षक सतीश पिता चंदू को निलंबित किया गया। प्रसारण।

# रात को गंदगी फैलाने वालों की होगी निगरानी

रतलाम | निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड 1, 7 व 27 का निरीक्षण किया। इस दौरान रजिस्टर चेक कर सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी और रजिस्टर जब्त किए। मौके से प्लास्टिक जब्ती कार्यवाही कर समझाइश दी। नगर निगम, छत्रीपुल में दुकान लगाने वालों को अन्य स्थानों पर दुकानें लगाने के निर्देश दिए। बंद पड़ी फायर गाड़ी को जुगाड़ से चालू करने की सहमति दी गई। निगम प्रांगण में पड़े कबाड़ को व्यवस्थित करने के साथ अन्य निर्देश दिए। भास्कर

दैनिक भास्कर / 02 / 24/02/2021

# डिस्पोजल व पॉलीथिन घटाने शुरू हुई झोला व बर्तन बैंक

## नगर निगम कार्यालय परिसर के कैफे में शुरुआत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में डिस्पोजल और पॉलीथिन का इस्तेमाल कम हो इस उद्देश्य से मेरी सहेली महिला मंडल ने सिविक सेंटर में बर्तन बैंक शुरू किया है। ताकि अपने घरों में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रम में लोग डिस्पोजल की जगह बर्तनों का इस्तेमाल कर सकें। इसी तरह रतलाम नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित तेजस्वनी कैफे पर झोला बैंक शुरू किया है।

नागरिक पॉलीथिन का उपयोग ना करते हुए यहां से बहुत ही कम दर पर पुराने कपड़ो से निर्मित झोले (थैली) प्राप्त कर सकते हैं या अपनी आवश्यकतानुसार बनवा सकते हैं। झोला बैंक का संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत तेजस्वी क्षेत्रिय महिला विकास मण्डल द्वारा किया जा रहा है। बर्तन बैंक व झोला बैंक का शुभारंभ उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया ने फीता काटकर किया।

## 12 किलो पालीथिन जब्त

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पालीथिन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा ऐसे दुकानदार व सब्जी विक्रेता पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को राजेंद्र कुमार अग्रवाल धानमंडी पर 1500, समरथ कस्तूरबा नगर, सुरेश स्टोर राम मंदिर पर 500-500, घासीराम स्वीट्स धानमंडी, अग्रवाल आइस्क्रीम, सांवरिया किराना राम मंदिर पर 250-250, छोटेलाल अशोक कुमार गांधी चांदनी चौक पर 200, जितेंद्र, शिव भोजनालय धानमंडी, हंसमुख ट्रेडर्स नीमचौक, करेणी दूधवाला तोपखाना, कालू मामा कचौरीवाला राम मोहल्ला, सौरभ पुरोहित कस्तूरबा नगर, गुरबेज सिंह, अजय प्रजापत राम मंदिर पर 100-100, जुझारसिंह चौमुखी पुल, गीता, राम माला, प्रकाश जवाहर नगर, गुड्डीबाई, रवि, पुष्पेंद्र, लच्छा भाई राम मंदिर पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर 50 माइक्रॉन से कम मोटाई की पालीथिन उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई व लगभग 12 किलो पालीथिन जब्त की गई।

प्रसारण क्र. 1 दि. 24/02/2021

# जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निगम आयुक्त झारिया द्वारा निरीक्षण

## वृहद रूप से खाद निर्माण हेतु दिए निर्देश

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की तैयारियां वृहद रूप से की जा रही जिसके तहत गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के कार्य में तेजी लाए जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पीआईयू उज्जैन संभाग के डॉ. हिमांशु शुक्ला, सुशील के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग का निरीक्षण किया।



निगम आयुक्त झारिया ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि गीले कचरे से जैविक खाद बनाने के कार्य में तेजी लाये जाने हेतु निर्माण कार्य किए जाए, जिसके तहत कम्पोस्ट पीट निर्माण, एम. आर. एफ. (मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी) का कार्य करवाए जाए।

इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के ले-आउट अनुसार फेंसिंग कार्य व ग्राउण्ड के अन्दर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ करवाए जाने के निर्देश के साथ ही खाद बनाने हेतु नियुक्त ठेकेदार को खाद बनाने के कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण के दौरान दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी ए. पी. सिंह, उपयंत्री राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे। प्रसारण

## निगम आयुक्त द्वारा दीनदयाल रसोई केन्द्रों का निरीक्षण

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की पहल पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत हर गरीब को सस्ता व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु निगम द्वारा सिविक सेन्टर व त्रिपोलिया गेट पर प्रारंभ किये जाने वाले रसोई केन्द्र का निगम आयुक्त श्री झारिया ने निरीक्षण किया। सिविक सेन्टर स्थित रसोई केन्द्र क्रमांक 1 के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि खाद्य सामग्री की सफाई करवाई जाये साथ ही केन्द्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शेष रंगाई पुताई आदि का कार्य 24 फरवरी तक पूर्ण करवा लिया जाये। इसके अलावा रसोई केन्द्र के सामने समतलीकरण व साफ-सफाई के भी निर्देश संबंधित को दिए। रसोई केन्द्र क्रमांक 2 त्रिपोलिया गेट के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि केन्द्र में किये जा रहे मरम्मत, रंगाई-पुताई, बैठक सहित अन्य कार्य 2 दिवस में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े आदि उपस्थित थे।